तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा सुभाष पहल (SUBHASH Initiative) के अंतर्गत छात्रों को विदेशी भाषाओं (German, Japanese and Italian etc.) में दक्षता प्रदान करने हेतु एक विशेष पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना, वैश्विक अवसरों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय भाषा प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए सहायता प्रदान करना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आपकी संस्था के ऐसे विद्यार्थी जो विदेशी भाषा सिखने में रूचि रखते हैं , उनको निम्न ऑनलाइन संसाधनों एवं भाषा शिक्षा ऐप्स की जानकारी उपलब्ध कराए।

1. सरकारी प्लेटफार्म:

Bhashini App (भाषिणी ऐप)

- भारत सरकार द्वारा विकसित AI-आधारित भाषा अनुवाद और अधिगम प्लेटफॉर्म।
- सरकारी वेबसाइट: bhashini.gov.in SWAYAM (स्वयं) प्लेटफार्म

- कुछ विदेशी भाषा पाठ्यक्रम (जैसे जर्मन, फ्रेंच) उपलब्ध हैं।
- सरकारी वेबसाइट: swayam.gov.in

2. अंतरराष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफार्म

Duolingo

•लोकप्रिय भाषा सीखने वाला ऐप, जिसमें इंटरएक्टिव गेम के माध्यम से जर्मन, जापानी, इतालवी, फ्रेंच आदि भाषायें सिखाई जाती हैं

Memrise

वोकैबुलरी निर्माण पर फोकस करने वाला ऐप,वास्तविक जीवन के वीडियो और स्पीकिंग प्रैक्टिस की सुविधा उपलब्ध हैं।

Busuu

- संरचित भाषा पाठ्यक्रम और AI-आधारित भाषा अभ्यास की सुविधा उपलब्ध हैं